ब्रह्माकुमारीज बेलगाम ने बनाया विश्व का सबसे बडा फुलों का शिवलिंग

World Amazing Records में हुआ किर्तीमान दर्ज

77 वे महाशिवरात्री के पावन अवसर पर बेलगाम में " विश्व का सबसे बडा फुलों का शिवलिंग " बनाया गया । 35 फीट ऊंचे और 20 फीट चौडे शिवलिंग को 1500 किलो फुलों से बनाया गया । बेलगाम के कपिलेश्वर मंदिर के पास म्युनिसिपल ग्राऊंड में " विश्व का सबसे बडा फुलों का शिवलिंग " बनाया गया । उद्घाटन के बाद ही भव्य शिवलिंग के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालूओं का तांता लग गया । इस अवसर पर World Amazing Records में अध्यक्ष पवन सोलंकी ने कार्यक्रम स्थल पर " विश्व का सबसे बडा फुलों का शिवलिंग " को World Amazing Records में शामिल किए जाने की घोषणा की तथा प्रमाण पत्र आयोजक – ब्र.कु. अंबिका, संयोजक – ब्र.कु दिपक हरके को प्रदान किया । इस अवसर पर माऊंट आबू से पधारे ओम शान्ति मीडिया संपादक ब्र.कु. गंगाधर भाई उपस्थित थे ।

बापदादा ने किया रिमोट कंट्रोल द्वारा किया उद्घाट्न

" विश्व का सबसे बडा फुलों का शिवलिंग " उद्घाट्न DTMF द्वारा माउंट आबू से स्वयं बापदादा ने रिमोट कंट्रोल द्वारा किया । पूरे विश्व के बाबा के बच्चों ने इस दृष्य को देखा । अहमदाबाद के ब्र.कु कश्यप और ब्र.कु. मुकेश ने मिलकर इसका संचालन किया ।

अहमदनगर के ब्र.कु दिपक हरके ने "शुभ फ्लावर्स" के सचिन भुतारे के साथ मिलकर " विश्व का सबसे बडा फुलों का शिवलिंग " का निर्माण किया । इस निर्माण में अहमदनगर के आर्ट डायरेक्टर नारायण बुरा तथा आर्किटेक्ट संतोष गायकवाड ने विशेष योगदान दिया ।

World Amazing Records के बाद अब Limca Book of Records, India Book of Records, Asia Book of Records, Miracles World of Records, Elite World Records, Record Holder Republic, Record Holders Academy में जल्द ही " विश्व का सबसे बडा फुलों का शिवलिंग " को शामिल किया जायेगा ।

“ विश्व का सबसे बडा फुलों का शिवलिंग ” बेलगाम के कपिलेश्वर मंदिर के पास म्युनिसिपल ग्राऊंड में बनाया गया । 35 फीट ऊंचे और 20 फीट चौडे शिवलिंग को 1500 किलो फुलों से बनाया गया ।

“ विश्व का सबसे बडा फुलों का शिवलिंग ” World Amazing Records में शामिल किया गया है । World Amazing Records के अध्यक्ष पवन सोलंकी प्रमाण पत्र आयोजक – ब्र.कु. अंबिका, संयोजक – ब्र.कु दिपक हरके को प्रदान करते हुए । साथ मे ओम शान्ति मीडिया के संपादक ब्र.कु. गंगाधर भाई ।